तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
5/11/24	पत्रावली आदेश प्रार्थना पत्र बाबत खारिज किये जाने वास्ते पेश हुई प्रार्थी किरण .कुमार की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तु कर निवेदन किया गया है कि तहसीलदार लाडपुरा की ओर से उक्त प्रार्थना पत्र दिनांक 21.10.2020 को प्रस्तुत किया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र में अप्रार्थी प्रहलाद कुमार की मृत्यु दिनांक 13.08.2017 को हो चुकी थी इसलिये उक्त प्रार्थना पत्र मृत व्यक्ति के विरूद्ध पेश किया गया था जो इसी स्टेज पर खारिज किये जाने योग्य है। उक्त प्रार्थना पत्र मृत व्यक्ति के खिलाफ पेश किया गया हे जबकि अप्रार्थी की मृत्यु प्रार्थना पत्र पेश करने से पूर्व ही हो चुकी थी इसलिये उक्त प्रार्थना पत्र चलने योग्य नही है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र धारा 136 भू राजस्व अधिनियम खारिज किये जाने के आदेश प्रदान करे। बाद बहस पत्रावली एवं सलंग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। संलग्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अप्रार्थी प्रहलाद की मृत्यु सन् 2017 में हो चुकी है एवं प्रहलाद की मृत्यु के उपरांत प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम दिनांक 14.10.2020 को पेश किया है। अतः अप्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत खारिज किये जाने स्वीकार योग्य होने से स्वीकार कर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 136 मृतक प्रहलाद के विरूद्ध होने से खारिज किया जाता है एवं तहसीलदार लाडपुरा को अप्रार्थी मृतक प्रहलाद पुत्र रामा निवासी सोगरिया के सभी वैधानिक वारिसों के विरूद्ध धारा 5 मियाद अधिनियम के प्रार्थना पत्र के साथ नियमानुसार नये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है। नये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने की स्थिति में अप्रार्थीपक्ष उनके न्यायिक अधिकारों के सम्बंध में नियमानुसार प्रतिरक्षा/आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र होंगे। 5/11/24 उपखण्ड अधिकारी कोटा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी ★ कोटा ★	